**'अल्पसंख्यक कल्याण हेतु प्रधानमंत्री का 15 सूत्री कार्यक्रम' और 'सच्चर समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन' के विभिन्न मुद्दों का प्रचार करने वाली सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों द्वारा चलाए गए प्रचार पर की गई कार्रवाई नोट**

**जनवरी-मार्च 2021**

**<u>पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)</u>**

- पीआईबी प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के तहत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियां/फीचर जारी करता है ।
- इस तिमाही के दौरान पत्र सूचना कार्यालय के द्वारा 2 वार्तालाप आयोजित किए गए थे।
- इसके विभिन्न क्षेत्रों से इस विषय पर 212 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।

**<u>लोक सम्पर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)</u>**

➢ ***प्रिंट विज्ञापन***

- ब्यूरो अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित विषयों पर अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है जिनमें उनके लिए उपलब्ध भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि की जानकारी दी जाती है।
- बीओसी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से तिमाही के दौरान "हुनर हाट" और ''उस्ताद स्कीम'' विषय पर कई समाचार पत्रों में 7 विज्ञापन जारी किए।

➢ ***क्षेत्र प्रचार***

- चालू कोविड-19 महामारी के कारण बीओसी के सभी फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो (एफओबी) और क्षेत्रीय लोकसंपर्क ब्यूरो (आरओबी) ने पोषण अभियान, स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छता पखवाड़ा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, राष्ट्रीय बालिका सप्ताह, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती और आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, वोकल फॉर लोकल कार्यक्रमों पर सरकार की पहल आदि जैसे विषयों पर सोशल मीडिया के विभिन्न साधनों के माध्यम से अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों को शामिल करते हुए जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन किया।

- ब्यूरो ने देशभर में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में जन समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीफोन काल्स, एसएमएस वेबिनार जैसे सोशल माध्यम का उपयोग किया।

- सोशल मीडिया/डिजिटल कार्यकलापों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | ट्विट्स एवं रीट्विट्स (इंप्रेशन के साथ) की संख्या | वाट्सएप पर परिचालित पोस्टरों/ संदेश/ वीडियो की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | वेबीनार की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 21787 | 37039 (882110) | 136460 | 2919 | 81 |

- आरओबी भोपाल, हैदराबाद, लखनऊ, पटना और पुणे के फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो ने **मोबाइल वैन / जागृति रथ / ऑटो रिक्शा** के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में कोविड-19 पर उद्घोषणाएं और अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों में जागरूकता अभियानों का भी आयोजन किया।

**<u>आकाशवाणी</u>**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यक कल्याण' पर उपयुक्त कार्यक्रमों को तैयार करके इस विषय का व्यापक प्रचार किया ।
- विभिन्न स्वरूपों का उपयोग किया गया जिसमें- चर्चा, लघु चर्चा, विचार-विमर्श, साक्षात्कार, फोन-इन-प्रोग्राम्स, कम्पीयरिंग, फीचर, लघु कथा आदि शामिल थे।
- कार्यक्रमों में मुख्यतः 15 सूत्री कार्यक्रम के विभिन्न घटकों और सच्चर समिति की रिपोर्ट के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।
- तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कुल 1156 कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

**<u>दूरदर्शन</u>**

- देश भर के विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों ने विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर कार्यक्रम प्रसारित किए।
- कार्यक्रमों के प्रारूप में विचार-विमर्श, लाइव फोन-इन, सकारात्मक कहानी आदि शामिल थे।
- तिमाही के दौरान दूरदर्शन केंद्रों द्वारा कुल 75 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया ।

*****

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**जनवरी से मार्च 2021 तक राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | पीआईबी द्वारा जारी प्रेस रिलीज | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी द्वारा प्रिंट मीडिया पर खर्च (रु. में) | डीडी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अण्डमान और निकोबार | - | - | 6,233 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 10 | 27 | 15,394 | 1 |
| 3 | तेलंगाना | 17 | - | 57,071 | - |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | 1 |
| 5 | असम | 17 | 10 | 20,537 | 5 |
| 6 | बिहार | 10 | 20 | 1,02,076 | - |
| 7 | चंडीगढ़ | - | - | 42,368 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 49 | 40 | 76,970 | 4 |
| 9 | मध्य प्रदेश | - | 50 | 16,72,532 | - |
| 10 | दादरा और नगर हवेली | - | - | 2,769 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | - | - | - |
| 12 | गुजरात | 10 | 21 | 53,632 | 27 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 17 | 10 | 60,027 | - |
| 14 | झारखंड | - | 35 | 51,876 | 3 |
| 15 | कर्नाटक | 16 | 92 | 11,94,361 | 2 |
| 16 | केरल | - | 4 | 19,104 | 6 |
| 17 | लक्षद्वीप | - | - | - | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | महाराष्ट्र | 22 | 67 | 95,779 | - |
| 19 | गोवा | - | 9 | 1,74,470 | - |
| 20 | मिजोरम | - | 27 | - | - |
| 21 | मेघालय | 17 | 12 | - | - |
| 22 | त्रिपुरा | 9 | 18 | - | 6 |
| 23 | नागालैंड | - | 1 | - | - |
| 24 | मणिपुर | - | 7 | - | - |
| 25 | पंजाब | 13 | 5 | 57,431 | - |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | 8 | 15 | 6,233 | - |
| 27 | हरियाणा | - | 5 | 2,769 | 5 |
| 28 | दिल्ली | 17 | - | 24,48,511 | - |
| 29 | ओडिशा | - | 47 | 50,062 | 5 |
| 30 | पुडुचेरी | - | - | - | - |
| 31 | राजस्थान | 23 | 235 | 2,66,276 | 4 |
| 32 | तमिलनाडु | 2 | 120 | 27,615 | - |
| 33 | उत्तराखंड | - | 23 | 41,615 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | - | 200 | 15,36,526 | 4 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | - | 4 | 1,09,585 | 2 |
| 36 | सिक्किम | - | 52 | - | - |

***